वर्ष 29 अंक 43
पृष्ठ 20
बरेली, बुधवार
25 अक्टूबर 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

PAGE NO 8 : MIDDLE RIGHT

एसआरएमएस में तीन दिवसीय मेडिसिन अपडेट 27 से

बरेली : भोजीपुरा स्थित श्री राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के मेडिसिन विभाग व एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन ऑफ इंडिया की ओर से तीन दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस (मेडिसिन अपडेट 2017) 27 अक्टूबर से शुरू होगी। मीडिया प्रभारी विनीत वर्मा के अनुसार इस कांफ्रेंस का उद्देश्य मेडिसिन चिकित्सा के क्षेत्र में हो रही नवीनतम जानकारियों व उपलब्धियों से सभी चिकित्सकों को अवगत कराना है। कार्यक्रम में गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी और गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। बदलती हुई परिस्थिति एवं वातावरण में बढ़ रहे संक्रमण व उससे उत्पन्न बीमारियों के विषय में चर्चा और रोकथाम की नई औषधियों पर प्रकाश डाला जाएगा।